# निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण

## संभागायुक्त अभय वर्मा ने कहा, तय समय में करें काम पूरा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग के कमिश्नर आई.ए.एस. अभय वर्मा ने शहर छिन्दवाड़ा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज (सिम्स) का निरीक्षण किया और पी.आई.ओ. के अधिकारियों को गुणवत्तायुक्त काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और एस.पी. अजय पांडे भी उपस्थित थे। श्री वर्मा ने कार्यों की प्रगति को लेकर निर्देश दिए और तय समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस से जुड़े नवीन शैक्षिक अस्पताल और अन्य भवनों के निर्माण कार्य की लागत 768.22 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इस परियोजना के तहत 899 बेड वाला अस्पताल, शैक्षिक अस्पताल भवन और अन्य प्रावधान किए गए हैं। वर्तमान में बेसमेंट और सुपर स्ट्रक्चर के निर्माण का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और अन्य सेवाओं जैसे एसी ब्लॉक, प्लास्टर, फायर



फाइटिंग एवं वातानुकूलन कार्य प्रगति पर हैं।

निरीक्षण के बाद सिम्स मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेस द्वारा गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं प्रदान किए जाने पर उसे हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हॉस्टल में रह रहे छात्रों की समस्याओं और उनकी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई।

इस दौरान एस.डी.एम. छिन्दवाड़ा सुधीर जैन, छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस के अधिष्ठाता अभय कुमार सिन्हा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन) निलेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें। बता दें कि पी.आई.ओ. के अधिकारियों के गुणवत्तायुक्त काम करने की शिकायत मिली थी जिसका निरीक्षण किया गया।

# नपानि के नेता प्रतिपक्ष ने लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कॉंग्रेस पार्षद दल संग आज नेता प्रतिपक्ष हंसा अम्बर दाढ़े ने आज शहर से लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा किए जा रहे सीवर के अनियमिताओं भरे कामों से लगातार जनता द्वारा मिल रही शिकायतों के चलते जिलाध्क्ष कार्यालय पहुचकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा की हमने कलेक्टर से अपील की है कि लक्ष्मी कंपनी द्वारा किए गए कामों से शहर की जनता को लगातार असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे अच्छी सड़कों को इनके द्वारा खोद दिया गया है।

रेस्टोरेशन में भी भारी अनियमितता है, अनेक जगह पेयजल के पाइप लाइन पर चैंबरों का निर्माण कर दिया गया है ऐसे सभी कार्यो का कलेक्टर द्वारा टीम गठित कर कार्यो का स्थल परीक्षण किया जाए एवं अनियमितता पाए जाने पर कंपनी पर वैधानिक कार्यवाही की जाए एवं तब तक इनके द्वारा किए जा रहे नवीन कार्यो पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने पार्षद तरूण कराड़े, नदीम अहमद, सरला श्रीवास्तव, टिंकू राय, सरिता चिंटू काले, नौशीन शोबी कुरैशी, आकाश मोखलगाय आदि कलेक्ट्रेट पहुंचे थे।

### सार समाचार

## 37वां विशाल हरामखाऊ सम्मेलन 12 मार्च को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी 12 मार्च को परंपरानुसार आयोजित होने वाले विशाल हराम खाऊ सम्मेलन के परिपेक्ष में पत्र समूह की एक आवश्यक बैठक का आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अजय शुक्ला की प्रमुख उपस्थिति एवं वरिष्ठ संपादक मन्नुलाल झकलट की अध्यक्षता में किया गया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये समिति के मीडिया प्रमुख अरविंद राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम को और भी भव्य रूप में आयोजित करने निर्णय सर्व सहमति से किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रणय नामदेव, रजनीश जैन, प्रदीप स्नेही, हेमंत जैन, सौरभ ठाकुर, सुनील जैन, तरूण जैन, योगेश बेले, संतोष जैन सरल, घनश्याम राजपूत, विजय गुप्ता, आशीष अग्रवाल, गुंजन नायक, सुनील बनारसे, बबलू बरमैया, परिक्षित जैन आदि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने ली सभी एसडीएम की बैठकए राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की

## कमिश्नर ने किया सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग के कमिश्नर अभय वर्मा ने अपने छिंदवाड़ा दौरे के दौरान कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के साथ जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास छिन्दवाड़ा का निरीक्षण किया। कमिश्नर श्री वर्मा ने छात्रावास में मौजूद सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही कमिश्नर श्री वर्मा ने अधीक्षक को छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं जिससे वे अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास से निकले हुए विभिन्न शासकीय पदों पर चयनित एवं निजी क्षेत्र में सफल विद्यार्थियों का अध्ययनरत छात्रों से सीधा संवाद कराए जाने या उनके संपर्क नंबर साझा किए जाने के निर्देश दिए ताकि वर्तमान छात्र उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और अधिक मेहनत कर सकें। इस दौरान एस.डी.एम. छिन्दवाड़ा सुधीर जैन, सहायक आयुक्त सतेन्द्र सिंह मरकाम, सहायक संचालक शिक्षा जनजातीय कार्य विभाग उमेश सातनकर एवं संबंधित अधिकारीगण एवं छात्रावास प्रशासन भी मौजूद रहे जिन्होंने छात्रावास के संबंध में संभागायुक्त को जानकारी उपलब्ध करवाई। कमिश्नर ने छात्रावास के छात्रों से भी चर्चा की।



## मोहखेड़ पंच कल्याणक में आशीर्वाद लेने पहुंचे कांग्रेस नेतागण

**मोहखेड़, देशबन्धु।** कल 17 फरवरी को मोहखेड़ पंचकल्याण महोत्सव कार्यक्रम में मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त करने कांग्रेस परिवार से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, सौसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्णा विधायक निलेश ऊईके, चोरई विधायक सुजीत चौधरी, सहकारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जय सक्सेना, अरुण घोंगे, ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर मोहने, विजय गावंडे, जनपद उपाध्यक्ष ईश्वर वाडीवा, नानाजी जैन, दिगंबर ठाकरे, बजीलाल कुमरे, फैयाज खान, सूरज, महादेव सोनघरे, अंकित, दिनेश चौरसिया, राजू वाडीवा, शैलेश भादे, नवीन जैन, ऋषभ जैन, टिंकू जैन, गोपाल शेरके, बापू हांडे, नसीब अंसारी, अब्दुल्ला खान, अक्षय साहू, पंकज कुशनेकर, परमानंद धारे सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# गरीबी उन्मूलन एवं सतत विकास की दिशा में केंद्रीय बजट है मील का पत्थर : सांसद



**पाण्ढुर्णा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा के सांसद बंटी विवेक साहू ने सोमवार को पांढुर्णा के होटल आदित्य में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय बजट 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाना है।

सांसद ने बजट के संबंध में बताया कि शिक्षा व कौशल विकास, 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य, श्रम शक्ति को और अधिक स्किल्ड बनाने के लिए विशेष प्रावधान, आर्थिक सशक्तिकरण, स्टार्टअप व छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं, 5 लाख महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति (अजा-अजजा) के उद्यमियों को ऋण सहायता, कृषि क्षेत्र में सुधार, भारत को फूड बॉस्केट के रूप में विकसित करने की योजना, किसानों के लिए नई नीतियों का समावेश, महिलाओं की भागीदारी, आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी 70 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य, 2047 तक विकसित भारत भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की रणनीति, हर वर्ग-समाज के कल्याण व आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान रखा गया है।

### पांढुर्णा-सौंसर रेल लाइन विस्तार और भूली जलाशय पर हुई चर्चा

पत्रकारों ने जब सांसद से पूछा कि सौंसर रेल लाइन विस्तार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि वे इस विषय पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विशेष रूप से चर्चा करेंगे और इसे अगले बजट में शामिल कराने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान पत्रकार शुभम नांदेकर ने सांसद से भूली जलाशय की प्रक्रिया तेज कर जल्द निर्माण शुरू कराने की अपील की। इस पर सांसद ने आश्वासन दिया कि वे प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर जलाशय निर्माण की कार्यवाही तेज करेंगे।

पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने इस मुद्दे का समर्थन करते हुए कहा कि अगले दो वर्षों में भूली जलाशय निर्माण पूर्ण कर पांढुर्णा वासियों को पीने का पानी और किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा मेरा वादा है दो साल में भूली जलाशय बन जाएगा।

### 2047 तक विकसित भारत की ओर एक कदम

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी बताते हुए विश्वास जताया कि यह बजट देश को नवीन ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

## पूर्व विधायक के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने पूर्व विधायक मारोतराव खवसे के श्रध्दांजलि कार्यक्रम में दु:ख व्यक्त किया एवं कहा कि हमने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और जनकल्याण के लिए लगा दिया था। पांढुर्णा को जिला बनाने के लिए उन्होंने बहुत संघर्ष किया एंव पांढुर्णा जिला बनाने के लिए उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपना संपूर्ण समय पांढुर्णा के विकास में लगाया। मुझे उनका मार्गदर्शन और आर्शीवाद हमेशा ही मिला है और मैं आज जो यहाँ तक पहुँचा हूँ निश्चित तौर पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे इनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की जनता के साथ ही भारतीय जनता पार्टी एवं मेरे लिए भी एक अपूर्णीय क्षति है। भारतीय जनता पार्टी के संघर्ष के समय के साथी एवं हमारे मार्गदर्शक मारोतराव खवसे ने संगठन को प्रतिकूल परिस्थितियों में खड़ा किया है। जनप्रतिनिधि के नाते उन्होंने जो काम किया है, उसे छिंदवाड़ा-पांढुर्णा की जनता सदैव याद करेगी।

## जिले की बेटी सुमन उईके ने सिंगिंग कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बालाघाट के तहसील के वारासिवनी में आरंभ 3.0 के अंतर्गत विद्यार्थियों की आभा निखारने के लिए डांस कंपटीशन सिंगिंग, कंपटीशन एवं अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें छिंदवाड़ा जिले की बेटी सुमन उईके ने सिंगिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डी.के.पी. इंस्टिट्यूट में पढ़ रही ऑपरेशन थिएटर की यह छात्रा ने जिले का नाम गौरांवित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी के उपलक्ष में सभी



डी.पी.के. इंस्टीटयूट के टीचर्स सहित सभी मित्रों ने उन्हें बधाई दी कि वह आगे भी इसी तरीके से आगे बढ़े और अपने जिले का नाम इसी प्रकार गौरांवित करें।

## चार लोगों को मिली इलाज के लिए आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विवेक बंटी साहू सांसद बनने के बाद लगातार संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा-पाण्ढुर्णा में आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध करवाने का सतत प्रयास कर रहे है जिससे छोटे गरीब तबके के व्यक्तियों को उपचार के लिए पर्याप्त राशि मिल रही है।

इसी कड़ी में गत दिवस सांसद बंटी विवेक साहू ने सोमवार को पांढुर्णा में आर्थिक रूप से कमजोर 4 लोगों को 20 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। इन चारों लोगों ने सहायता के लिए अर्जी लगाई थी। जिन्हें सांसद श्री साहू ने चेक वितरित कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है।

जिन चार लोगों को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है उनमें बानाबकोड़ा सौंसर निवासी धनराज सकरड़े को 5 हजार रूपये, ग्राम खेड़ी कला निवासी उषा अहाके को 5 हजार रूपये, ग्राम आजनगांव निवासी वसंता सरवरे को 5 हजार रूपये एवं अकुंश राउत को 5 हजार की राशि के चेक द्वारा दी गई है।

इस अवसर पर राजू परमार, राहुल महोड़े, प्रवीण सिंह ठाकुर सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# महाविद्यालय चांद में दृष्टि से सृष्टि निर्माण पर कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद के व्यक्तित्व विकास विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा में दृष्टि से सृष्टि निर्माण विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि बतौर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के प्राचार्य डॉ. आर.पी. यादव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना शारीरिक, मानसिक और वैचारिक सुदृढ़ता के किसी भी विशेष उपलब्धि के कल्पना करना भी बेकार है। युवा रील लाइफसे बाहर निकलकर रियल लाइफ के अनुसार स्वयं को



गढ़ें। महज ख्वाबों में खोए रहना गंभीर मनोरोग का लक्षण है। मां बाप ने जिन उम्मीदों से छात्रों को कालेज भेजा है, उन पर पानी न फिरने दें। जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए तब तक चैन से बैठना पाप है। जब हमारी योग्यता बढ़ती है तो बाकी की चीजें स्वत: हमारे पास आ जाती हैं। खुद को मजबूत बनाने के लिए परिश्रम खुद को करना पड़ेगा, यह काम हमारे लिए कोई और नहीं कर सकता है। कार्य क्षेत्र कोई भी क्यों न हो, हमें योद्धा की तरह जूझकर ही सफलता मिल सकती है।

प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति की जिद, संकल्प, लगन, समर्पण, त्याग, अभिरुचि और निष्ठा हमें मंजिल के करीब लाते हैं। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि मंजिल परिश्रम का समर्पण मांगती है, बहाने बनाना नहीं। प्रो. जी. एल. विश्वकर्मा ने कहा कि अपने मन को काबू में करके ऊर्जा को अपने उद्देश्य प्राप्ति हेतु रचनात्मक कार्य में लगाना ही जीत के करीब जाना है। व्यक्तित्व विकास प्रभारी डॉ. आर.के. पहाड़े ने कहा कि छात्र जीवन चेतना के स्तर को अधिकतम उर्ध्वगामी बनाने से है। कोई भी परिश्रम कभी भी निष्फल नहीं होता है। प्रो. सुरेखा तेलकर ने कहा कि गीता दर्शन के अनुसार हर कर्म अपना फल लेकर अवश्य आता है। प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि बिना पारदर्शी योजना के काम करते रहना महज वक्त की बर्बादी ही होती है। प्रो. संतोष उसरेठे ने कहा कि हर सफलता की एक पूर्व योग्यता होती है जिसके बिना सिर्फ हार ही हाथ लगती है। प्रो. रक्षा उपश्याम ने कहा कि जब तक हमारा चिंतन समाधानमूलक नहीं होगा, तब तक हमारी ऊर्जा समस्यामूलक चीजों पर खर्च होती रहेगी।

# बर्ड फ्लू को लेकर पूरी एहतियात बरतें अधिकारी : कमिश्नर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग के कमिश्नर अभय वर्मा सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में बैठक लेकर जिले में बर्ड फ्लू संक्रमण की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर श्री वर्मा ने जिला प्रशासन को अलर्ट रहने और बर्ड फ्लू (एच 5 एन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा) संक्रमित क्षेत्रों में शासन की गाइडलाइन व प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। सभाकक्ष में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, जिले के सभी एस.डी.एम., डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल, उप संचालक पशुपालन डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार, सी.एम.एच.ओ. डॉ. एन.के. शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ. गोन्नाडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने छिंदवाड़ा शहर और विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम सालीमेटा में बर्ड फ्लू रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद की गई समस्त कार्यवाहियों से अवगत कराया। सी.एम.एच.ओ. डॉ. शास्त्री ने बताया कि शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा में पशु विभाग द्वारा बिल्लियों के भेजे गये एच 5 एन 1 के सैम्पल पॉजीटिव आने के बाद जिला स्तरीय टीम गठित कर शहरी क्षेत्र में सर्विलेंस किया गया तथा जिन बिल्लियों की एच 5 एन 1 की पॉजीटिव रिपोर्ट आई थी, उनके संपर्क में आये हुये संबंधित व्यक्तियों के कुल 65 ह्यूमन सैम्पल एच 5 एन 1 की टेस्टिंग के लिये नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफवायरलॉजी पुणे भेजे गये थे, जिनमें से सभी 65 ह्यूमन सैम्पल की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है।

उप संचालक पशुपालन डॉ. पक्षवार ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में कुल पक्षियों की संख्या लगभग 725635 है। जिनमें से 164 रजिस्टर्ड पोल्ट्री फार्म में से 96 चालू पोल्ट्री फार्म में 374980 पक्षी उपलब्ध हैं। माह जनवरी 2025 में जिला पशु चिकित्सालय में 99 बिल्लियां उपचार के लिए लाई गई थीं। संदेहास्पद होने के कारण 2 सैंपल 07 जनवरी को और पॉलीक्लिनिक छिंदवाड़ा से 04 बिल्लियों के सैंपल 15 जनवरी को जांच के लिए डी.आई. लैब छिंदवाड़ा भेजे गए।

डी.आई. लैब भोपाल से मिले निर्देशानुसार 22 जनवरी को पुनः 03 बिल्लियों के सैंपल भोपाल भेजे गए। डी.आई. लैब भोपाल की टीम द्वारा 31 जनवरी को बिल्लियों के 19 और मुर्गियों के 14 सैंपल एकत्रित किए गए। 10 फरवरी को भोपाल द्वारा बिल्लियों के 06 और पक्षियों के 09 नमूने पॉजिटिव पाए जाने की पुष्टि की गई, जिसके तत्काल बाद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सिंह द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया। बर्ड फ्लू की समुचित मॉनिटरिंग एवं सर्विलेंस के लिए जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय त्वरित कार्रवाही दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया। उसी दिन चिकन मार्केट छिंदवाड़ा के 03 व्यावसायिक पोल्ट्री फार्म से 201 सैंपल निशाद भोपाल भेजे गए।

संक्रमित क्षेत्र में अगले ही दिन कार्यवाही करते हुए 758 मुर्गियों की कलिंग की गई और 38126 अंडे एवं 144.60 कि.ग्रा. मुर्गी दाना विनष्ट किया गया। कलिंग पक्षियों के शव, मुर्गी दाना, लिटर एवं दुकान का कच्चा मांस, मुर्गी के अंडे डंप यार्ड जामुनझिरी में भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार डंप किए गए और इस स्थान पर चेतावनी बोर्ड लगाया गया। संक्रमित क्षेत्र चिकन मार्केट का सैनिटाइजेशन कराया गया।

उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को भोपाल भेजे गए 201 सैंपल में से विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम सालीमेटा लिंगा बड़गोना रोड के 70 सैंपल में से 05 सैंपल बर्ड फ्लू पॉजिटिव पाए जाने की पुष्टि 14 फरवरी 2025 को दी गई। जिसके बाद पुनः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सिंह द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश पारित कर गाइडलाइन के अनुसार संक्रमित क्षेत्र में 405 ब्रायलर पोल्ट्री कलिंग एवं 60 किग्रा मुर्गी दाना विनष्ट कराया गया। साथ ही 16 फरवरी को संक्रमित क्षेत्र का सैनिटाइजेशन भी कर दिया है।

चिकन मार्केट छिंदवाड़ा में विनष्ट किए गए मुर्गा-मुर्गी, अंडे एवं दाने के मुआवजा के लिए राशि 2,49,419/- रुपए एवं ग्राम सालीमेटा में विनष्ट किए गए मुर्गा-मुर्गी, अंडे एवं दाने के मुआवजा के लिए राशि 50,100/- रुपए के बजट आवंटन की मांग संचालनालय पशुपालन विभाग भोपाल से की गई है। वर्तमान में छिंदवाड़ा और मोहखेड़ विकासखंड की 17 पोल्ट्री फार्म में 50010 पक्षी उपलब्ध हैं, जिनकी पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है।

## शातिर चोर गिरफ्तार, शहडोल, कटनी और डिंडोरी में दर्जनों वारदात कबूलीं

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कातवाली पुलिस ने सोमवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो रात में दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करता था। 58 वर्षीय गोपाल बैगा नाम का यह अपराधी शहडोल जिले के बुढ़ार का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से चोरी का सामान और ताला तोड़ने के उपकरण बरामद किए हैं। घटना 12 फरवरी की रात की है, जब आरोपी ने सिद्ध बाबा मंदिर के सामने स्थित किरण किराना जनरल स्टोर्स का ताला तोड़कर वारदात की। दुकान से साबुन, बिस्किट, नमकीन, तेल, डिटर्जेंट, गुटखा और सिगरेट सहित करीब 5500 रुपए का सामान और 5000 रुपए की नकदी चुरा ली।

कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की। टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजार के करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे आरोपी की पहचान हो सकी। जांच में सामने आया कि आरोपी शहडोल जिले के जयसिंह नगर, सोहागपुर, कटनी और डिंडोरी में भी चोरी कर चुका है। वह ट्रेन से यात्रा करते हुए रेलवे स्टेशन के आसपास की दुकानों को निशाना बनाता था। डिंडोरी में इस पर ट्रैक्टर चोरी का भी केस दर्ज है। आरोपी हमेशा अपने साथ लोहे की रॉड या गैंती रखता था, जो ताले तोड़ने के काम आती थी।

### सार-समाचार

## कमिश्नर ने सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेकर एसडीएम से की चर्चा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग के कमिश्नर अभय वर्मा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी एस.डी.एम. की बैठक लेकर जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग के तहत फॉर्मर रजिस्ट्री, आधार-आर.ओ.आर. लिंकिंग, स्वामित्व योजना के तहत आबादी सर्वेक्षण कार्य में प्रगति, राजस्व प्रकरण नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन आदि की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कमिश्नर श्री वर्मा ने समीक्षा के दौरान फॉर्मर रजिस्ट्री में जिले के प्रथम स्थान में रहने पर राजस्व विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। आधार आर.ओ.आर. लिंकिंग कार्य में छिंदवाड़ा नगर एवं ग्रामीण तहसील को स्थिति सुधारने के निर्देश दिए जबकि तहसील बिछुआ में हुए अच्छे कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में भी जिले में अच्छा काम हुआ है, 93.36 प्रतिशत को बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक ले जाएं। सभी राजस्व अधिकारी सभी नामांतरण समय पर सुनिश्चित कराएं। राजस्व के अन्य प्रकरणों की तरह नक्शा तरमीम के कार्य भी प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत आबादी सर्वेक्षण कार्य में प्रगति की भी समीक्षा की और 1505 ग्रामों में से शेष रह गए 13 ग्रामों में भी ग्राउंड ट्रूथिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय से चर्चा कर जिले में आगामी त्योहारों, मेलों आदि के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में की गई तैयारियों की भी जानकारी प्राप्त की।

बैठक में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, जिले के सभी एस.डी.एम., संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल, अधीक्षक भू-अभिलेख पुष्पेंद्र पांडे, छिन्दवाड़ा एस.डी.एम. सुधीर जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने घोषित की चौरई शहर की कार्यकारिणी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार चौरई शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में कांग्रेस संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, चौरई विधानसभा प्रभारी अशोक तिवारी, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष तीरथ ठाकुर व पर्यवेक्षक गोविंद बजौलिया की सहमति उपरांत चौरई शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की गई है।

घोषित कार्यकारिणी में चौरई शहर अध्यक्ष धीरज खण्डेलवाल, समन्वयक भगवत चौबे, कार्य. अध्यक्ष हर्ष विश्वकर्मा व प्रदीप सनोडिया मनोनीत किए गए हैं। नगर में अनुसांगिक संगठनों के प्रभारी अमित चौरसिया नियुक्त किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष- शहीर मंसूरी, राजेन्द्र (राजू) वर्मा, जितेन्द्र जैन, सुरेश बघेल, महेश चौधरी, वीरसिंह रघुवंशी मनोनीत किए गए हैं। उपाध्यक्ष- कपिल वर्मा, राबी सिंह ठाकुर, मुकेश चौरसिया, रज्जन सल्लाम, शेख इजराइल, मनीष सोनी, आशीष (बब्लु) शुक्ला व पवन उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

महासचिव- देवेन्द्र तिवारी, प्रदीप तिवारी व शैलेन्द्र दुबे को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। कोषाध्यक्ष पद पर विक्की निर्मलकर नियुक्त किए गए हैं। सचिव- मुकेश विश्वकर्मा, हर्षित चौरसिया, महेश जम्भारे, लेखराम, सत्येन्द्र (चिंटू) चौरसिया व युमेश जैन को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन मंत्री- प्रदीप बाघ, युसूफ खान, राजेश भारद्वाज, प्रवीण रघुवंशी, योगेश सोनी, अरविंद गंगनीवाले, सुबोध रघुवंशी, विजय, रघुनाथ वर्मा, पुरुषोत्तम, ब्रजसिंह रघुवंशी, दीपक यदुवंशी, अमन खण्डेलवाल मनोनीत किए गए हैं।

प्रचार मंत्री पद की जिम्मेदारी अमिताभ राऊत व मीडिया प्रभारी सौरभ जैन मनोनीत किए गए हैं। सहसचिव- अनिल बेलवंशी, मनोज उमरी, मिलन परिहार, हर्षित जैन, पुरुषोत्तम नामदेव, सरल सोनी, वकील अहमद, मुकेश साहू, राजेन्द्र कुशवाहा, मनोज चौरसिया, शरीफमंसूरी, घरम, प्रीतिश खंडेलवाल, नीलेश सनोडिया, प्रकाश सांवरे, मुन्ना मालवी, रोहित वर्मा, निम्मू पांडे, राजा नामदेव, नंदलाल वर्मा, पन्ना डेहरिया, कय्यूम खान, जयराम रघुवंशी, युनुस खान, गुड्डन मालवीय व बालकिशन डेहरिया को घोषित सहसचिव मनोनीत किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य- ओमप्रकाश अग्रवाल, तीरथ सिंह ठाकुर, चंद्रकिशोर खंडेलवाल, अवनीत गंगवाल, पूनमचंद शर्मा, संजय जैन, प्रेमेन्द्र सा, कन्हैयालाल चौरसिया, राजेश वात्सल्य, अनुराग माहेश्वरी, कालूराम देशमुख, छबीलाल सिंह ठाकुर, सतीष पालीवाल, बेनीसिंह रघुवंशी, रानु वर्मा, तेजपाल सिंह रघुवंशी, रामेश्वर, दारासिंह रघुवंशी, निम्नू जैन, लालजी प्रसाद शर्मा, हिम्मत सिंह, ओकंकार प्रसाद सोनी, तुरकसिंह आदि शामिल है।

## चोरी की सागौन व वाहन छोड़कर फरार आरोपी की तलाश में वन विभाग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्राधिकृत अधिकारी उप वन मण्डल अधिकारी परासिया पश्चिम वन मण्डल ब्रजेन्द्र खोब्रागड़े ने एक जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पश्चिम छिन्दवाड़ा वन मण्डल के अंतर्गत 10 सितम्बर 2024 को पुलिस चौकी स्टाफ सांवरी थाना लावाघोघरी द्वारा पीछा करते हुए घटना स्थल में मेहदावीर रेल्वे फाटक राजस्व क्षेत्र पर एक सफेद बुलेरो पिकअप क्रमांक एम.एच. 24 जे-7484 जिसका चेचिस नम्बर एम.ए.आई.जेड. एन.-2 जी एच के बी यू 51126 इंजन नम्बर जी एच बी यू 83896, मॉडल नेम बुलेरो bullero camper Sc XL B53H4B एवं सागौन लट्ठे 11 नग 0.972 घन मीटर काष्ट परिवहन करत हुए पकड़ी गई है।

वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है जिसके खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2110/49 दिनांक 4 सितम्बर 2024 लापता में कायम है, वाहन के नम्बर को ऑन लाईन सर्च किए जाने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नांदेड़ महाराष्ट्र का पाया गया है। उक्त वाहन का कोई मालिक हक रखने वाला व्यक्ति हो तो प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष सूचना जारी होने के 10 दिनों के अंदर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि उक्त समय में मालिकाना हक रखने वाला व्यक्ति अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में प्रकरण राजसात करने की अग्रिम कार्यवाही पूर्ण की जावेगी और फिर इसमें किसी का हक नहीं रह जाएगा।

**जिला योजना समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित**

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला योजना अधिकारी छिंदवाड़ा यशवंत वैद्य ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में 19 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से राशन परिवहन में हो रही है ओवरलोडिंग, शासन को लगा रहे लाखों का चूना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अनु विभाग अमरवाड़ा में नागरिक आपूर्ति निगम अंतर्गत अन्नदूत योजना के हितग्राही जिनके अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के खाद्यान्न का परिवहन किया जाता है को लेकर लापरवाही और अनियमिताओं का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि ओवरलोडिंग का बड़ा खेल इसमें हो रहा है। जिससे लाखों रूपयों का चूना शासन को लगाया जा रहा है।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार केंद्र पर उपस्थित कर्मचारी और नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों द्वारा शासन के नियम विरुद्ध साढ़े सात मेट्रिक टन के एवज में क्षमता से अधिक खाद्यान्न परिवहन करने की इलेक्ट्रॉनिक पर्ची जान बूझकर जारी की जा रही है। इससे मालूम होता है कि अन्नदूत चालकों या संचालक की मिलीभगत स्पष्ट प्रतीत होती है।

शासन की अन्नदूत योजना में शासन द्वारा हैवीबैच लाइसेंस धारक को ही अन्नदूत योजना का लाभ दिया गया है परंतु वर्तमान में उन हितग्राहियों द्वारा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा वाहन चलाए जा रहे हैं। जिससे शासन द्वारा बनाए नियमों की धज्जियां उड़ रही है और लाखों रूपयों की चपत शासन को लग रही है।

## निर्मल पब्लिक स्कूल छिन्दवाड़ा में एनसीसी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एन.सी.सी. मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टरेट के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल विक्रांत एम. धूमने एवं एन.सी.सी. जबलपुर ग्रुप हेड क्वार्टर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अनूप गजानन बारबरे के निर्देशानुसार एवं लाइव सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 24 मध्यप्रदेश बटालियन एन.सी.सी. छिंदवाड़ा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन में ग्रुप हेड क्वार्टर जबलपुर द्वारा परीक्षा पीठासीन अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार जायसवाल, कमांडिंग ऑफिसर 2 एम.पी. गर्ल्स बटालियन एनसीसी जबलपुर एवं सहायक पीठासीन अधिकारी कर्नल दिनेश चौहान, कमांडिंग ऑफिसर 7 एम.पी. इंडीपेंडेंट कम्पनी एन.सी.सी. शहडोल की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में गत दिवस एन.सी.सी. कैडेट सी सर्टिफिकेट प्रैक्टिकल एवं लिखित परीक्षा का आयोजन निर्मल पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा में किया गया।

परीक्षा केंद्र निर्मल पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा में एन.सी.सी. सी् सर्टिफिकेट परीक्षा में 24 मध्यप्रदेश बटालियन एन.सी.सी. के जिला छिंदवाड़ा, पांढुर्णा व सिवनी, यह तीन जिले के सीनियर डिवीजन कॉलेज के 152 एन.सी.सी. कैडेट परीक्षा में उपस्थित हुये। यह सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लाइव स्क्रीनिंग की निगरानी में की गई।

सी सर्टिफिकेट परीक्षा में निर्मल पब्लिक स्कूल के संस्था प्रमुख एवं (प्राचार्य) डॉ. वाय.ए. सिंह सिसोदिया की उपस्थिति एवं सहयोग से बटालियन के सूबेदार मेजर सतीश तपसे, मेजर सिंपल पाटिल, लेफ्टिनेंट शेखर ब्रह्ममे, लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश, लेफ्टिनेंट रघुवीर उइके, लेफ्टिनेंट शैलेश झलके, लेफ्टिनेंट वसीम, लेफ्टिनेंट जितेंद्र रघुवंशी, नायब सूबेदार प्रवीण कुमार, थर्ड ऑफिसर मुकेश कुरमेती, बी.एच.एम. हवलदार निर्मल गुरुंग, हवलदार गुरप्रीत सिंह, हवलदार सुभाष चंद्र सिंह, हवलदार कोष बहादुर थापा, हवलदार कृष्णा बहादुर थापा, हवलदार यम बहादुर थापा, बटालियन के ट्रेनिंग ब्रांच महेशी इनवाती, विष्णु प्रसाद उइके व विशाल धुर्वे आदि ने परीक्षा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## परिवहन विभाग की जांच दल द्वारा पचमढ़ी भूराभगत मार्ग में वाहनों की सघन जांच

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा महाशिवरात्रि मेले को दृष्टिगत रखते हुये आज पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग पर छोटे.बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस के साथ ही यात्री वाहनों में किराया सूची चस्पा होने, वाहनों में ओवरलोडिंग, यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने के संबंध में सघन जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई ।



अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 26 वाहनों से 45500 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

# अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार एवं अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एस.डी.एम., सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, सी.एम.ओ. सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



समय सीमा प्रकरणों की बैठक में अवैध कॉलोनाइजर्स पर कार्यवाही की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आयुक्त नगर पालिक निगम को कुसमैली में अवैध कॉलोनी काटने के प्रकरण में संबंधितों के विरुद्ध मीटिंग के तत्काल बाद एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एक भी पात्र जनजातीय हितग्राही, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। ग्रामों के सर्वे डेटा का ठीक से सत्यापन कराएं और सभी पात्रों को लाभान्वित करें। सभी एसडीएम इनके जाति प्रमाण पत्र भी शीघ्र जारी करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि टी.बी.मुक्त निक्षय भारत अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे निक्षय शिविरों में एक्स रे की संख्या कम है। सभी एस.डी.एम. अधिक से अधिक लोगों की जांच करवाते हुए चेस्ट एक्स रे की संख्या बढ़ाएं।

बैठक में समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में वक्फ संपत्ति का सत्यापन कर जानकारी शीघ्र भेजने, उद्यानिकी विभाग को पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराने, सभी विभागों को पेंशन प्रकरण शीघ्र पेंशन कार्यालय भेजते हुए पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने, माइनिंग ऑफिसर को वसूली बढ़ाने, जिला शिक्षा अधिकारी को सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने सहित अन्य निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि भूरा भगत का मेला आज से शुरू हो गया है, सभी संबंधित विभाग अपनी व्यवस्थाएं देख लें और अपनी जवाबदारियों का ठीक से निर्वहन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मेले के संबंध में सभी व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही बाहर से आने वाले यात्रियों तथा अन्य भक्तों को यात्रा करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस बात का ध्यान रखने की बात कही।